# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

एप्रिल, 2012 (अंक 217) | April, 2012 (Issue 217)





श्री. शक्तिकांत दास, आई.ए.एस., अपर सचिव, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय क्षेत्रीय निदेशको के लिए पणजी (गोवा) मे आयोजित वार्षिक समीक्षा बैठक मे संबोधित करते हुए (ठीक दायी ओर), श्री. ऋत्विक पाण्डे, उप सचिव, वित्त मंत्रालय, और श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान भी दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने (पणजी) गोवा में क्षेत्रीय निदेशको की वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया ।

राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने 9 अप्रैल 2012 को पणजी, गोवा में राष्ट्र स्तर पर क्षेत्रीय निदेशकों के लिये सम्मेलन आयोजित किया । सम्मेलन का उद्घाटन श्री. शक्तिकान्त दास, आई.ए.एस., अपर सचिव, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने किया तथा श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष ने सम्मेलन की अध्यक्षता किया । श्री. ऋत्विक पाण्डेय, उप सचिव, बजट, वित्त मंत्रालय ने भी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अनुगृहीत किया । सम्मेलन में राष्ट्रीय बचत संस्थान के संयुक्त निदेशकों तथा समस्त क्षेत्रीय निदेशकों ने भाग लिया । राष्ट्रीय बचत संस्थान की वर्ष 2011-12 की उपलब्धियों के पुनर्निरीक्षण तथा चालू वित्तीय वर्ष के लिये कार्य योजना बनाने के अतिरिक्त सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अल्प बचत योजनाओं के अन्तर्गत जमा एकत्रीकरण हेतु नीतियॉ बनाना था ।

श्री. शक्तिकान्त दास ने उद्घाटन संबोधन में कहा कि देश की वित्तीय परिदृश्य को देखने पर यह दृष्टिगोचर होता है कि भारत के मध्यम वर्ग के लिये अल्प बचत योजनाएं सर्वाधिक आकर्षक विकल्प है । इसलिए अल्प बचत योजनाओं के लाभ को जनता को प्रभावशाली ढंग से बताना अति आवश्यक हो गया है । उन्होने स्पष्ट किया कि जैसे 10 वर्षीय राष्ट्रीय बचत पत्र यदि आज खरीदा जाता है तो आनेवाले 10 वर्षो तक 8.9 प्रतिशत प्रतिवर्ष के दर से विनियोजना राशि प्राप्त कर सकता है क्योंकि उस समय अनुपेक्षित व्याज दर प्रभावी था । उन्होने इस बात पर बल दिया कि राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारी राज्य सरकार, स्वयं सहायता समूह तथा स्थानीय सरकारी संस्थान के निकट सहयोग से कार्य करे जिससे कि सामान्य जनता तक लाभ पहुँच सके ।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur



महिला बचत दिवस समारोह के अवसरपर मिसेस गुरप्रीत कौर सप्रा, विशेष सचिव, वित्त, संघ शासित, चंडीगढ एवं मुख्य अतिथि, चंडीगढ के सर्वोत्तम संचायिका स्कूल को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए साथही श्री. राजीव सागर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, चंडीगढ भी दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने क्षेत्रीय निदेशको की वार्षिक समीक्षा बैठक का पणजी (गोवा) मे आयोजन किया ।

श्री. अनिल भट्टाचार्य ने राष्ट्रीय बचत संस्थान के वर्ष 2011-12 की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला एवं बताया कि जनमानस के बीच विशेष रूप से आर्थिक तौर से पिछडे हुए समाज के लिये राष्ट्रीय बचत संस्थान, अल्प बचत के प्रचार हेतु अपने परम्परागत तरीके अलावा योजनाओं के प्रचार एवं प्रसार के लिए प्रिंट मिडिया एवं इलेक्ट्रानिक मिडिया का प्रयोग करने जा रहा है । उन्होने राष्ट्रीय बचत संस्थान के क्षेत्रीय निदेशकों से अपील किया कि वे वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समुचित प्रयास करें । उन्होंने क्षेत्रीय निदेशकों को यह भी सलाह दिया कि वे फील्ड की गतिविधियों के लिए विभिन्न राज्य सरकारों का सहयोग प्राप्त करें । अपने प्रस्तुतीकरण के दौरान पिछले दशकों में राष्ट्रीय बचत संस्थान की विशेष उपलब्धियों जैसे अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग एवं प्रशिक्षण का विस्तृत रूप से ब्यौरा प्रस्तुत किया । उन्होने यह भी सूचित किया कि इस वित्तीय वर्ष में गोवा राज्य के लिए सकल जमा लक्ष्य रू. 750 करोड और पूरे देश के लिए 2.20 लाख करोड का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

इस अवसरपर श्री. शक्तिकांत दास, आई.ए.एस., अपर सचिव (बजट) ने संस्थान हिन्दी गृह पत्रिका संचय सौरभ अंक 18 का विमोचन किया । सम्मेलन में संयुक्त निदेशको तथा पूरे देश के क्षेत्रीय निदेशको ने भाग लिया ।




श्रीमती रेशमा बानु, अध्यक्ष, सिटी म्यूनिसीपल कौंसिल, चन्नापाटना, जिला रमानगर, कर्नाटक राज्य, चन्नापटना में 18-04-2012 को महिला बचत दिवस समारोह मे सभा को संबोधित करते हुए ।




श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा पणजी (गोवा) मे क्षेत्रीय निदेशको की वार्षिक समीक्षा बैठक मे स्वागत भाषण देते हुए । साथ ही श्री. शक्तिकांत दास, आई.ए.एस., अपर सचिव, भारत सरकार और श्री. ऋत्विक पाण्डे, उप सचिव, वित्त मंत्रालय भी दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने वार्षिक समीक्षा बैठक के दौरान वर्ष 2012-13 हेतु कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया ।

राष्ट्रीय बचत संस्थान के क्षेत्रीय निदेशको ने अपने क्षेत्र की वित्तीय वर्ष 2011-12 की उपलब्धियो तथा 2012-13 के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित जमा लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अपनाई जानेवाली नीतियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिये । तथा एएमएल./सीएफटी पोस्टल इन्सपेक्शन का निर्धारित लक्ष्य, अभिकर्ताओ, डाक कर्मियों तथा बैंक कर्मियो के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्वयं सहायता समुह के मदत से ग्रामीण बचत अभियान चलाना, को-आर्डिनेशन कमिटी का आयोजन और राष्ट्रीय बचत संस्थान के विभिन्न समारोह आयोजित करना, इत्यादि ।

श्री. एस. के. त्रीपाठी, संयुक्त निदेशक (मुख्यालय) ने राष्ट्रीय बचत संस्थान की वर्ष 2011-12 में की गई प्रगति तथा वर्ष 2012-13 के लिए भविष्य में अपनाई जानेवाली नितियोपर प्रस्तुतीकरण दिया । उन्होने डाकघरो का निरीक्षण, आनेवाले वर्षो में एएमएल/सीएफटी के निरक्षण हेतु कर्मियो की आवश्यकता पर प्रस्तुतीकरण दिया । श्री. ए. के. चौहान, संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, नई दिल्ली ने भविष्य की चुनौतियो पर प्रस्तुतीकरण दिया । श्री. राजु बाबु, क्षेत्रीय निदेशक, बैंगलोर ने भी डाकघर निरीक्षण एवं राष्ट्रीय बचत संस्थान की चुनौतियाँ पर प्रस्तुतीकरण दिया । श्री. पद्मसिंह, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) ने क्षेत्रीय केन्द्रो द्वारा एन्टी मनी लौंडरीग कम्बेट फाईनांसियल टेरेरिजम डाकघर निरीक्षण पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया ।




श्री. शक्तिकांत दास (आई.ए.एस.), अपर सचिव, भारत सरकार ने वार्षिक समीक्षा बैठक के दौरान राष्ट्रीय बचत संस्थान की हिन्दी गृह पत्रिका 'संचय सौरभ' का विमोचन करते हुए । साथ ही श्री ऋत्विक पाण्डे, उप सचिव, वित्त मंत्रालय तथा श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान भी दिखाई दे रहे है ।

फरवरी 2012 के लिए अल्प बचत संग्रहण

(करोड़ रुपये)

| क्र. सं. | क्षेत्र/राज्य | फरवरी 2011 तक | | फरवरी 2012 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 16813.85 | 1302.77 | 12257.09 | -1932.40 |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | 143.45 | 41.04 | 169.66 | 15.77 |
| 3 | असम | 2975.92 | 884.37 | 2788.20 | 662.90 |
| 4 | अंदमान निकोबार द्वीप | 59.03 | 29.80 | 36.50 | 5.09 |
| 5 | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 419.99 | 51.19 | 377.29 | -38.92 |
| 6 | बिहार | 9160.32 | 1821.04 | 8549.37 | 771.79 |
| 7 | झारखंड | 4550.74 | 1190.46 | 3402.07 | -85.87 |
| 8 | चंडीगढ | 807.06 | 31.71 | 594.09 | 90.54 |
| 9 | दमण एवं दीव | 708.80 | 136.64 | 84.99 | 8.34 |
| 10 | दिल्ली | 10158.17 | 2562.95 | 6062.25 | -1017.38 |
| 11 | गोवा | 733.09 | 159.24 | 492.08 | -42.66 |
| 12 | गुजरात | 17741.29 | 1590.34 | 13910.04 | -2389.06 |
| 13 | हरियाणा | 6087.63 | 839.38 | 5029.59 | -449.39 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 3498.75 | 694.78 | 3200.72 | 210.30 |
| 15 | जम्मू व कश्मीर | 1833.51 | 278.97 | 1576.09 | 58.52 |
| 16 | कर्नाटक | 9268.38 | 1278.48 | 6848.28 | -1809.18 |
| 17 | केरल | 6808.76 | 188.83 | 6120.65 | -606.68 |
| 18 | लक्षद्वीप | 2.75 | 0.72 | 2.23 | 0.39 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 7161.45 | 967.28 | 6337.20 | -152.32 |
| 20 | छत्तीसगढ़ | 2908.34 | 377.78 | 2597.97 | -122.97 |
| 21 | महाराष्ट्र | 21862.62 | 3765.71 | 15520.10 | -2508.27 |
| 22 | मणिपुर | 100.00 | -10.84 | 132.23 | -5.56 |
| 23 | मेघालय | 281.73 | 80.68 | 267.17 | 45.29 |
| 24 | मिझोरम | 140.57 | 22.57 | 169.18 | -1.54 |
| 25 | नागालैंड | 54.24 | 15.76 | 46.13 | 1.23 |
| 26 | उड़ीसा | 4463.01 | 1074.89 | 3670.86 | 72.55 |
| 27 | पुदुचेरी | 169.66 | 25.18 | 100.63 | -50.21 |
| 28 | पंजाब | 10194.49 | 306.08 | 8151.99 | -1263.35 |
| 29 | राजस्थान | 10412.15 | -196.53 | 8139.41 | -1711.36 |
| 30 | सिक्कीम | 130.48 | 34.93 | 106.49 | 3.28 |
| 31 | तमिलनाडू | 12390.32 | 670.64 | 9654.02 | -1947.73 |
| 32 | त्रिपूरा | 764.72 | 164.50 | 511.87 | -28.70 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 21672.99 | 3730.98 | 18602.66 | 570.08 |
| 34 | उत्तरांचल | 3550.75 | 812.67 | 3322.08 | 443.95 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 30718.97 | 7978.00 | 21519.03 | -910.91 |
| | कुल . . | 218747.98 | 32903.71 | 170350.20 | -14114.44 |

टिप्पणी.—डाक विभाग, नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है । इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस. सी. एस. एस. (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

शिवराज (डी.जी.पी.एस.), नागपुर.